राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

बी॰आर॰ए॰ बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों ने बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में नामांकन लेनेवाले अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया

पटना, 04 मई 2019

बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में नामांकन लेने के उद्देश्य से जिन छात्रों ने अपने प्रमाण–पत्रों के लिए राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अभ्यावेदन दिया था, उन सबको 8 मई, 2019 तक संबंधित प्रमाण–पत्र उपलब्ध करा देने के लिए महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आदेश दिया था। खासकर बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय के संबंध में मिली शिकायतों पर राज्यपाल ने वहाँ के कुलपति को बुलाकर यह आदेशित किया था कि वे 02 मई तक हर हालत में बी॰एड॰ में नामांकन लेनेवाले छात्रों को प्रमाण–पत्र अवश्य उपलब्ध करा दें।

बी॰आर॰ए॰ बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति ने सूचित किया है कि महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति के निदेशालोक में विश्वविद्यालय प्रशासन ने लगभग सभी 650 ऐसे अभ्यावेदक विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान कर दिया है, जिन्हें बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में एडमिशन लेना है। उन्होंने जानकारी दी है कि अन्य 1200 अभ्यावेदकों को औपबंधिक प्रमाण–पत्र भी उपलब्ध करा दिये गये हैं। कुलपति ने बताया है कि मार्च 2018 से जून 2018 तक जिन विद्यार्थियों ने प्रमाण–पत्रों के लिए आवेदन किया है, उन सबको 03 मई, को, जुलाई 2018 से दिसंबर 2018 तक जिन्होंने आवेदन किया है, उन्हें 05 मई को तथा जनवरी 2019 से अप्रैल 2019 तक के आवेदक विद्यार्थियों को 07 मई, 2019 को अनिवार्य रूप से प्रमाण–पत्र उपलब्ध करा दिये जाएँगे।

ज्ञातव्य है कि महामहिम राज्यपाल ने बी॰आर॰ए॰ बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निदेशित किया था कि इसी मई महीने से प्रमाण–पत्रों के लिए 'ऑनलाइन' आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जानी चाहिए। बी॰आर॰ए॰ बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति ने बताया है कि प्रमाण–पत्रों के लिए ऑन–लाईन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया भी उनके विश्वविद्यालय में शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के आधार पर पर क्रमवार प्रमाण–पत्र निर्गत करने की पारदशी–व्यवस्था राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में भी इस महीने शुरू की जा रही है।

....